अंडे सेने की अवधि का रिकॉर्ड

गहरे समुद्र के निवासी एक ऑक्टोपस ने अंडे सेने की अवधि का रिकॉर्ड स्थापित किया है। मॉन्चेरी बे एक्वेरियम रिसर्च इंस्टीट्यूट (कैलिफोर्निया) के शोधकर्ताओं ने 5 वर्षों तक किए गए अवलोकन के आधार पर *प्लॉस वन* पत्रिका में यह बताया है कि यह ऑक्टोपस पूरे 53 माह तक अपने अंडों को सेती है।

एक्वेरियम रिसर्च इंस्टीट्यूट के ब्रूस रॉबिंसन और उनके साथी पिछले कई वर्षों से प्रशांत महासागर में जीवजगत का अवलोकन करते आए हैं। वे पच्चीस वर्षों से कोशिश कर रहे थे कि ऑक्टोपस की एक प्रजाति *ग्रेनेलिडोन बोरियोपेसिफिका* के दर्शन हो जाएं। आम तौर पर वे समुद्र में 50 से 1000 मीटर की गहराई का अवलोकन करते हैं। अवलोकन के लिए वे एक रिमोट चालित नौका का उपयोग करते हैं।

फिर मई 2007 में इस दल ने संयोगवश 1400 मीटर की गहराई पर इसी प्रजाति की ऑक्टोपस मादा को देखा जो उस गहराई पर एक चट्टान के सिरे पर अपने अंडों की देखभाल कर रही थी। उससे एक माह पूर्व वीडियो पर यह देखा गया था कि वह ऑक्टोमॉम (शोधकर्ताओं ने उसे यही नाम दिया है) रेंगकर उस स्थान की ओर आ रही थी। स्पष्ट हो गया कि ये अंडे अप्रैल-मई 2007 के बीच कभी दिए गए होंगे।

इस दुर्लभ संयोग के महत्व को देखते हुए दल ने हर माह उस स्थान का अवलोकन शुरू कर दिया। वे हर बार इस उम्मीद में वहां जाते थे कि इस बार तो ऑक्टोमॉम अपना काम पूरा करके जा चुकी होगी। यह पक्का करने के लिए कि वे माह-दर-माह उसी ऑक्टोमॉम का अवलोकन कर रहे हैं, शोधकर्ताओं ने उसके शरीर पर मौजूद विभिन्न चिन्हों की मदद ली। इसके अलावा उन्होंने अपनी रिमोट चालित नौका पर लगे लेज़र उपकरणों से हर बार अंडों की साइज़ भी नापी। वीडियो फुटेज के विश्लेषण से पता चला कि पूरी अवधि में ऑक्टोमॉम वही थी और वह उन्हीं अंडों को से रही थी। यह भी पता चला कि अंडों की साइज़ बढ़ रही थी।

फिर जब रिमोट चालित नौका अक्टूबर 2011 में उस स्थान पर पहुंची तो ऑक्टोमॉम जा चुकी थी और वहां सिर्फ अंडों की खोलें बच गई थीं। चूंकि सितंबर 2011 में ऑक्टोमॉम वहीं देखी गई थी, इसलिए शोधकर्ताओं का अनुमान है कि अंडे सितंबर-अक्टूबर 2011 के बीच फूटे होंगे। मतलब ऑक्टोमॉम पूरे 53 माह तक अपने अंडों को सेती रही थी।

यह तो अपेक्षित है कि समुद्र की गहराई में अंडों के विकास की रफ्तार धीमी रहेगी क्योंकि वहां का तापमान बहुत कम रहता है। इससे पहले एक अन्य ऑक्टोपस *बेथीपोलीपस आर्क्टिकस* की अंडों को सेने की अवधि 14 माह देखी गई थी जो एक रिकॉर्ड था मगर ऑक्टोमॉम ने उस रिकॉर्ड को कई गुना से पछाड़ दिया है। ***(स्रोत फीचर्स)***